स्वच्छता ही सेवा 2024
14 सितम्बर – 2 अक्टूबर 2024
स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग
विकास आयुक्त का कार्यालय
नौएडा विशेष आर्थिक क्षेत्र
नौएडा-दादरी रोड, फेज-II, नौएडा201305 -

फा.सं.ई-11011/01/2001-प्रशा/ 8592 14/10/2024 दिनांक : .10.2024

सेवा में,

कार्यालय के सभी अधिकारीगण/कर्मचारीगण/उपायुक्त (सीमाशुल्क)/कार्यकारी |

विषय: <u>कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वियन समिति की बैठक का कार्यवृत्त जारी करने के सम्बन्ध में</u>

अधोहस्ताक्षरी को इसके साथ कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वियन समिति की दिनांक 07.10.2024 को हुई बैठक का कार्यवृत्त भेजने का निर्देश हुआ है |

कार्यालय के सभी अधिकारियों/अनुभाग से अनुरोध है कि इस पर समुचित कार्यवाही कर कृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें |

भवदीय,

सलंग्न: यथोक्त |

(नितिन गुप्ता)
उप विकास आयुक्त

सूचनार्थ:

श्री परमानन्द
सयुक्त निदेशक, (राजभाषा)
वाणिज्य विभाग
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
उद्योग भवन, नई दिल्ली

## नौएडा एस ई जेड के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 07.10.2024 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त

संयुक्त विकास आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में कार्यालय के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 07.10.2024 को आयोजित की गई | बैठक में उपस्थित सदस्यों के नाम सलंग्रक में इंगित है |

2. सर्वप्रथम सयुक्त विकास आयुक्त महोदय की अनुमति से समिति को पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्यवाई से अवगत कराया गया | समिति को बताया गया कि पिछली बैठक में विकास आयुक्त महोदय ने आदेश दिया था, कि कार्यालय के सभी अधिकारीगण अपने – अपने अनुभागों से धारा 3(3) के अंतर्गत पत्रादि द्विभाषी जारी करना सुनिश्चित करेंगे, और अनुभागों द्वारा प्रत्येक माह आये पत्रों के आकड़े हिंदी अनुभाग को देने के लिए कहा गया| जिससे की कार्यालय में हिंदी पत्रों के आंकड़ो का सही आंकलन किया जा सके और तिमाही रिपोर्ट में आंकड़े सही दर्शाए जा सके |

3. संयुक्त विकास आयुक्त महोदय ने कार्यालय में जुलाई से सितम्बर, 2024 तिमाही के दौरान हिंदी में कामकाज की समीक्षा करते हुए आदेश दिया कि कार्यालय में हिंदी पत्रिका के सातवें संस्करण के लिए सभी कर्मचारी कम से कम एक लेख हिंदी अनुभाग को दें, जिससे कार्यालय द्वारा जल्द से जल्द हिंदी पत्रिका का सातवाँ संस्करण छपवाया जा सके | उपायुक्त (सीमा शुल्क) द्वारा भी कहा गया कि उनका अनुभाग भी पत्रिका के लिए 5 लेख उपलब्ध कराएगा | इसके साथ ही कार्यालय के वरिष्ठ कार्यकारियों/कार्यकारियों को भी एक एक लेख देने के लिए कहा गया | सभी अनुभागों को समय से हिंदी तिमाही रिपोर्ट हिंदी अनुभाग को देने के लिए कहा गया |

4. संयुक्त विकास आयुक्त महोदय ने कार्यालय में कार्यशाला भी कराने का आदेश दिया जिससे हमारे कार्यालय में हिंदी में काम करने में आ रही कठिनाईयों को दूर किया जा सके |

5. सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद दिया और बैठक संपन्न हुई |

बैठक में उपस्थित होने वाले अधिकारियों की सूची

1. श्री सुरेन्द्र मलिक, संयुक्त विकास आयुक्त
2. श्री नितिन गुप्ता, उप विकास आयुक्त
3. श्री किरण मोहन मोहड़ीकर, उप विकास आयुक्त
4. श्री ग्या प्रसाद, उप विकास आयुक्त
5. श्री रविकेश त्रिपाठी, उपायुक्त (सीमाशुल्क)
6. श्री कृष्ण चन्द्र पंत, वरिष्ट लेखा अधिकारी
7. श्री मोहन वीर रूहेला, सहायक विकास आयुक्त
8. श्री प्रकाश चन्द्र उपाध्याय, सहायक विकास आयुक्त
9. श्री प्रमोद कुमार, सहायक विकास आयुक्त
10. श्री राजेन्द्र मोहन कश्यप, सहायक विकास आयुक्त
11. श्री अरुण अग्रवाल, सहायक विकास आयुक्त